# 37840 - मासिक धर्म से पहले होने वाला भूरे रंग का स्राव

**प्रश्न**

मैं एक गर्भनिरोधक उपकरण (आईयूडी) का उपयोग करती हूँ, जिसके कारण नियमित रक्तस्राव शुरू होने से तीन दिन पहले एक भूरे रंग का स्राव होता है। क्या यह मेरे रोज़े को अमान्य कर देगा और मुझे इसकी क़ज़ा करनी पड़ेगी ?

**विस्तृत उत्तर**

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

शैख मुहम्मद बिन उसैमीन रहिमहुल्लाह ने कहा : "यदि यह भूरा निर्वहन मासिक धर्म के शुरुआती लक्षणों में से है, तो यह हैज़ (मासिक धर्म) है। और इसे दर्द और ऐंठन के रूप में जाना जाता है जो आमतौर पर मासिक धर्म वाली महिला को आता है। जहाँ तक मासिक धर्म के बाद भूरे रंग के निर्वहन की बात है, तो महिला को उसके समाप्त होने तक इंतज़ार करना चाहिए, क्योंकि मासिक धर्म से जुड़ा भूरा निर्वहन भी मासिक धर्म है, क्योंकि आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा फरमाया करती थीं : “जल्दबाज़ी मत करो यहाँ तक कि सफेद निर्वहन देख लो।”

“रिसालह अद्-दिमा अत-तबीइय्यह” (पृष्ठ : 59)।

इस आधार पर, यदि आपके लिए यह स्पष्ट हो जाए कि यह भूरे रंग का स्राव मासिक धर्म के शुरुआती लक्षणों में से है, तो यह मासिक धर्म (हैज़) है। इसलिए आप रोज़ा और नमाज़ बंद कर दें और मासिक धर्म से पवित्र होने के बाद अपने रोज़े की क़ज़ा करें।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।